ऑनलाइन शॉपिंग विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनाँक 17 दिसंबर - 2022 को जनता कॉलेज बकेवर , इटावा मे सांस्कृतिक क्रियाकलाप प्रतियोगिता की श्रृंखला के अंतर्गत ऑनलाइन शॉपिंग विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के संगोष्ठी सभागार मे किया गया जिसमे कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।वाद विवाद प्रतियोगिता, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के संरक्षण एवं संयोजक डॉ योगेश शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुयी। वाद विवाद प्रतियोगिता मे सम्मलित हुए प्रतिभागियों का मूल्यांकन निर्णायक मण्डल के सदस्य डॉ. प्रकाश दुबे , डॉ. नवीन अवस्थी और श्री गोपी नाथ मौर्या द्वारा किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता शीर्षक ऑनलाइन शॉपिंग के पक्ष में पलक गोयल(बीकॉम प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान , गंधर्व सिसोदिया (बीकॉम प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान , व आलोक कुशवाहा (बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन शॉपिंग के विपक्ष में हर्ष शर्मा (एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान , आकृति शुक्ला (बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान , करण दुबे (बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) व रूबी शर्मा(बीएससी तृतीय सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जंतु विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ ललित गुप्ता ने प्रतिभागी छात्र / छात्रों को कॉलेज मे आयोजित होनी वाली प्रतियोगिता के महत्व के विषय मे जानकारी दी। प्रतियोगिता का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ दिव्य ज्योति मिश्र ने किया । प्रतियोगिता में डॉ अशोक कुमार पाण्डेय , डॉ. ललित गुप्ता , डॉ संतोष चंदेल ,डॉ. ज्योति भदौरिया , डॉ. आनंद सिंह , डॉ अभिषेक सिंह , श्री ब्रहमानंद शर्मा,श्री अजय शर्मा,श्री अरविन्द मिश्रा आदि की उपस्थिति एवं सहयोग रहा ।

वाद विवाद प्रतियोगिता शीर्षक ऑनलाइन शॉपिंग के पक्ष में पलक गोयल(बीकॉम प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान , गंधर्व सिसोदिया (बीकॉम प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान , व आलोक कुशवाहा (बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन शॉपिंग के विपक्ष में हर्ष शर्मा (एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान , आकृति शुक्ला (बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान , करण दुबे (बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) व रूबी शर्मा(बीएससी तृतीय सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जनता कॉलेज बकेवर
स्वतंत्रता
अमृत महोत्सव
सांस्कृतिक कार्यक्रम